

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–02 मंगलवार, दिनांक–26 नवम्बर, 2024 ई०।

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.43 बजे अपराह्न तक**

**[1] आसन का संदेश :–**

आसन द्वारा सदन के माध्यम से समस्त बिहार वासियों को संविधान दिवस की शुभकामनायें दी गयी एवं कहा गया कि संविधान दिवस पर आज हम भारत के उन संविधान निर्माताओं और उनके अतुलनीय प्रयासों को नमन करते हैं। संविधान दिवस हमें संविधान के मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व की याद दिलाता है। आइए इन आदर्शों को जीवन में उतार कर एक सशक्त और समृद्ध राज्य एवं देश के निर्माण में अपना योगदान दें।

**[2] शपथ/प्रतिज्ञान :–**

आसन की अनुमति से सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या–196 (तरारी) से निर्वाचित सदस्य, श्री विशाल प्रशांत द्वारा शपथ लेने के लिए नाम पुकारा गया।

तदुपरान्त आसन की अनुमति से बिहार विधान सभा उपनिर्वाचन, 2024 में बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या–196 (तरारी) से निर्वाचित सदस्य, श्री विशाल प्रशांत द्वारा शपथ लिया गया।

**[3] प्रश्नकाल :–**

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 06 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।
(iii) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iv) 154 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[4] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन, श्री अजय कुमार, श्री महबूब आलम, श्री अजीत कुमार सिंह, श्री महानंद सिंह, श्री विजय कुमार, श्री रणविजय साहू, श्री शकील अहमद खाँ, श्री संदीप सौरभ, श्री मुकेश कुमार यादव एवं श्री रामबली सिंह यादव तथा माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

आसन की अनुमति से नेता प्रतिपक्ष द्वारा जातीय आधारित गणना एवं आरक्षण से संबंधित मुद्दे को विस्तार से सदन में रखा गया।

तदुपरान्त माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दे पर सरकार का पक्ष रखा गया। साथ ही माननीय उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा ने भी सरकार का पक्ष रखा।

इसके उपरांत विपक्ष के माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर शोरगुल करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गये।

**[5] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–**

1. माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार सरकारी सेवक (कम्प्यूटर सक्षमता जाँच परीक्षा) नियमावली, 2022 एवं बिहार सरकारी सेवक की परिवीक्षा अवधि नियमावली, 2024 की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
2. माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग–II भर्ती नियमावली, 2019 एवं बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग–II भर्ती (संशोधन) नियमावली, 2022 की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
3. माननीय प्रभारी मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के लिए अधिसूचित विशेषज्ञ संवर्ग (नियुक्ति एवं सेवा) विनियमावली, 2023; अभियंत्रण संवर्ग (नियुक्ति एवं सेवा) विनियमावली, 2023; वैज्ञानिक संवर्ग (नियुक्ति एवं सेवा) विनियमावली, 2023 एवं प्रयोगशाला सहायक संवर्ग (नियुक्ति एवं सेवा) विनियमावली, 2023 की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
4. माननीय प्रभारी मंत्री, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के क्रमशः वित्तीय वर्ष 1999–2000, 2000–2001, 2001–2002, 2002–2003, 2003–2004, 2004–2005, 2005–2006 एवं 2006–2007 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

**[6] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i) श्री विनय बिहारी
(ii) श्री ललन कुमार
(iii) श्री राम सिंह
(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव
(vi) श्री विद्या सागर केशरी
(vii) डॉ० निक्की हेम्ब्रम
(viii) श्री बीरेन्द्र कुमार
(ix) श्री राम विलास कामत
(x) श्री विजय कुमार खेमका
(xi) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xii) डॉ० रामप्रीत पासवान
(xiii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xiv) श्री पवन कुमार यादव

तत्पश्चात् आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार द्वारा अपनी सूचना को पढ़ा गया।

**[7] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए सदन से समय की मांग की गयी।

(ii) माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा, श्री तारकिशोर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का वित्त विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 02:37 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[8] विधायी कार्य – राजकीय विधेयक :–**

**i. बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024**

माननीय मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा नाम पुकारे जाने के बावजूद माननीय सदस्य, श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन द्वारा प्रवर समिति का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरान्त खंडशः विचार के क्रम में सभी खंड बारी–बारी से विधेयक के अंग बने।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया।

तदुपरान्त, "बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024" सदन द्वारा स्वीकृत हुआ।

**ii. बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने वाला विधेयक, 2024**

माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री दिलीप कुमार जायसवाल द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ और विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

आसन द्वारा नाम पुकारे जाने के बावजूद माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार सिंह द्वारा विधेयक का सिद्धान्त एवं संयुक्त प्रवर समिति का प्रस्ताव तथा माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा द्वारा प्रवर समिति का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरान्त खंडशः विचार के क्रम में माननीय सदस्य, श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता द्वारा प्रस्तुत संशोधन का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा सभी खंड बारी–बारी से विधेयक के अंग बने।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया।

तदुपरान्त, "बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने वाला विधेयक, 2024" सदन द्वारा स्वीकृत हुआ।

**[9] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 29 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 27 नवम्बर, 2024 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–26.11.2024

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।